# उत्तर प्रदेश से निर्यात तीन साल में 38 फीसदी बढ़ा

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

राज्य में निर्यातकों को दी जा रही सुविधाओं का लाभ अब निर्यात में मिलने लगा है। महज तीन साल में राज्य के निर्यात में 38 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। अगले तीन साल में राज्य से कुल निर्यात का लक्ष्य तीन लाख करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य राज्य सरकार ने रखा है।

यह जानकारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. नवनीत सहगल ने दी है। उन्होंने बताया है कि निर्यात बढ़ाने के लिए राज्य के हर जिले में निर्यात संवर्धन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। निर्यातकों को अन्य कई प्रकार की सहुलियतें दिए जाने की व्यवस्था भी सरकार ने की है। वित्तीय वर्ष 2020-21 का पूरा साल कोरोना से प्रभावित रहने के बाद भी प्रदेश से 1.21 लाख करोड़ का निर्यात राज्य से हुआ। 2017-18 में प्रदेश से कुल 88 हजार करोड़ का निर्यात हुआ था। वर्ष 2018-19 में 1.14 लाख करोड़ तथा वर्ष 2019-20 में 1.20 लाख करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात हुआ था।

## सफलता

- 2017-18 में निर्यात 88 हजार करोड़ रुपये का था
- 2020-21 में यह बढ़कर 1.21 लाख करोड़ रुपये का रहा